अमर उजाला

Sitapur News: दुकान में बिकता मिला नकली पाइप, केस दर्ज

सिधौली (सीतापुर)। पाइप निर्माण करने वाली एक ब्रांडेड कंपनी की जांच टीम ने बुधवार को संतनगर में छापा मारा। टीम ने दुकान से नकली पाइप मिलने पर मुकदमा दर्ज कराया है।कंपनी के प्रतिनिधि ताराकांत चौधरी ने बताया कि संतनगर स्थित पंकज इंटरप्राइजेज की दुकान में कंपनी के नाम पर नकली ब्रांड के पाइपों की बिक्री हो रही थी। इसकी तहरीर दी है। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/sitapur/fake-pipe-found-being-sold-in-shop-sitapur-news-c-102-1-slko1055-117595-2024-08-14